सेवक उपस्थित थे।

...हिस्सा लिया। दैनिक जागरण के ...

मिनट में दौड़ पूरी कर विनोद सोरेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ... मिनट में दौड़ पूरी कर तृतीय स्थान हासिल की। अंकिता मंडल चतुर्थ और कल्याणी सरकार पांचवें स्थान पर रही। डीएसपी मनोज कुमार ने कहा कि दैनिक जागरण की यह बेहतरीन पहल है। दैनिक जागरण देश, समाज को बेहतर दिशा में ले जाने का काम कर रहा है। इस मौके पर पुलिस पदाधिकारी व अन्य मौजूद थे। इस दौरान जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

छात्रों ने गाजे-बाजे और पुष्पवर्षा कर किया गौरव यात्रा का स्वागत

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं • जागरण

बालेंदु तिवारी • जागरण,

पाकुड़ : झारखंड गौरव यात्रा शनिवार को पाकुड़ पहुंची, तो पूरा शहर गर्व और उल्लास से झूम उठा। झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर दैनिक जागरण की ओर से आयोजित झारखंड जागरण गौरव मशाल रथयात्रा का शनिवार को पाकुड़ के मालीपाड़ा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के मुख्य द्वार पर विद्यार्थियों ने गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। रथयात्रा का स्वागत समारोह डीपीएस स्कूल के समीप मुख्य मार्ग पर हुआ, जहां शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने आदिवासी परंपरागत तरीके से पुष्पवर्षा कर गौरव रथ का स्वागत किया। इस अवसर पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर डीपीएस के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार, कोर मेंबर नेहा चक्रवर्ती, कोऑर्डिनेटर सौरीश दत्ता तथा दैनिक जागरण प्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद डीपीएस परिवार की ओर से अतिथियों का माला पहनाकर और बैज लगाकर स्वागत किया गया। डीपीएस के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक आदिवासी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने बच्चों की प्रस्तुति की खूब सराहना की और कहा कि ऐसा कार्यक्रम देखने का मौका बहुत कम मिलता है। कार्यक्रम के उपरांत डीपीएस स्कूल से झारखंड जागरण गौरव मशाल रथयात्रा स्कूली रैली के साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल सिद्धो-कान्हू पार्क के लिए रवाना हुई। विद्यार्थियों ने "बिरसा मुंडा अमर रहें" के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। रैली किताझोर, बस स्टैंड, डीसी आवास होते हुए सिद्धो-कान्हू पार्क पहुंची।

आत्म अनुशासन का शहर के लोगों ने पेश किया उदाहरण

आलोक घोष • जागरण

पाकुड़ : झारखंड गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर दैनिक जागरण की ओर से शहर में गौरव यात्रा का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उत्कृष्ट ट्रैफिक व्यवस्था ने गौरव यात्रा की कहानी लिख डाली। स्कूली छात्र-छात्राओं की अपार भीड़ में भी सड़कें लगभग खाली थीं। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के निर्देश पर यातायात प्रभारी राकेश कुमार रंजन ने यातायात व्यवस्था को संभाल रखा था। यातायात व्यवस्था दैनिक जागरण की गौरव यात्रा कार्यक्रम की मिसाल बन गई। यह शहर अपनी पुरानी व संकरी सड़कों के लिए जाना जाता है, जहां सामान्य दिनों में भी जाम लगना आम बात है। लेकिन यातायात व्यवस्था ने गौरव यात्रा को सुगम बना दिया। इस गौरव यात्रा में रथ के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, राज प्लस टू, डीपीएस बीएड कालेज सहित अन्य स्कूलों के करीब एक हजार छात्र-छात्राएं और शिक्षक कतारबद्ध होकर चल रहे थे, फिर भी कहीं जाम की समस्या उत्पन्न नहीं हुई। हां, सड़कें संकीर्ण होने के कारण वाहन चालकों को थोड़ी परेशानी अवश्य हुई। रोड रेस के समय शहर के गांधी चौक से सिद्धो-कान्हू पार्क तक सड़कें शांत थीं। वाहनों को दूसरे रूट होकर भेजा जा रहा था। सुबह 11 बजे सिद्धो-कान्हू पार्क से गौरव यात्रा शुरू हुई। यातायात प्रभारी व पुलिस जवान साथ चल रहे थे। छात्र-छात्राओं की पदयात्रा पुराना सदर अस्पताल, रवींद्र नाथ टैगोर चौक होते हुए बिरसा चौक, आंबेडकर चौक पहुंची। सड़कों पर आवागमन करने वालों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई। आंबेडकर चौक से पदयात्रा स्टेशन की ओर बढ़ते ही ऐसा लगने लगा था कि हरिण चौक, गांधी चौक और रेलवे फाटक जाने वाली पथ में जाम की समस्या उत्पन्न होगी, लेकिन यातायात व्यवस्था इतनी चुस्त-दुरुस्त थी कि सड़क पर आने-जाने वाले लोग स्वतः किनारा कर लिए।

गौरव रथ यात्रा का स्वागत करते अपनी टीम के साथ डीपीएस के प्राचार्य • जागरण